तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



स्मार्ट रोड के फुटपाथ पर कब्जा, खड़े किए गए वाहन।

## खबर संक्षेप

### शायर व राज्यसभा सांसद इमरान आएंगे आज

बिलासपुर। मशहूर शायर और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का शहर आगमन रविवार 12 जुलाई को होगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी शाम 4 बजे करबला रोड पुराने हाईकोर्ट के पास स्थित होटल एम्परर पैराडाइज यश पैलेस में छात्रों की गूंज अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विषय पर प्रेसवार्ता करेंगे। इसके साथ ही छात्रों की गूंज कार्यक्रम में विद्यार्थियों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा का भी आयोजन किया जाएगा।



### जीडीसी के प्राचार्य को क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार

बिलासपुर। गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश को बिलासपुर क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार सौंपा गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। पूर्व में क्षेत्रीय अपर संचालक के पद पर साइंस कालेज के प्राचार्य प्रवीण पांडेय पदस्थ थे, लेकिन साइंस कालेज प्राचार्य पद से उनके रिटायर होने के बाद क्षेत्रीय अपर संचालक पद खाली पड़ा था। बाद में साइंस कालेज के प्रभारी प्राचार्य डीपी साहू कुछ दिनों तक क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार देखते रहे। लेकिन 30 जून को डीपी साहू भी रिटायर हो गए तब से क्षेत्रीय अपर संचालक का पद खाली पड़ा था। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग ने अब आदेश जारी कर गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय बिलासपुर एवं आहरण संवितरण अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वे अपने वर्तमान दायित्व प्राचार्य के साथ-साथ क्षेत्रीय अपर संचालक का कार्य करेंगे। उन्हें यह दूसरी बार क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार मिला है। उच्च शिक्षा विभाग का क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय बिलासपुर में है जिसके अंतर्गत संभागभर के कालेज आते हैं।

### सिकंदराबाद-रायपुर का विस्तार विचाराधीन



बिलासपुर। सिकंदराबाद से रायपुर एक्सप्रेस का विस्तार बिलासपुर तक करने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय ने विचाराधीन रखा है। रायपुर से सिकंदराबाद के बीच 12771/12772 एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जिसकी सुविधा बिलासपुर के यात्रियों को नहीं मिल पा रही है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर 12771/12772 सिकंदराबाद से रायपुर तक चल रही एक्सप्रेस का विस्तार बिलासपुर तक करने का प्रस्ताव भेजा था। अटल श्रीवास्तव के भेजे गए प्रस्ताव के बाद रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने ट्रेन के विस्तारित करने सहित अन्य विषयों पर प्राप्त पत्र का संज्ञान लेने के बाद विचाराधीन रखा है। वर्तमान स्थिति में इस विषय पर रेल मंत्रालय की ओर से जांच करने के बाद आवश्यक कार्यवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत पत्थरखान एवं कड़ार के लिए जारी आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। नवीन विज्ञापन की जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

# निगम में इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पद, इसमें 49 पद खाली

**अब पांच और की हुई पोस्टिंग**

## कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है निगम, एक इंजीनियर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहे बिलासपुर नगर निगम को कुछ राहत मिली है। राज्य शासन ने शनिवार की शाम जारी आदेश में बिलासपुर में पांच सब इंजीनियरों की पोस्टिंग की है। ध्यान रहे कि निगम में कुल 1274 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 603 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 671 पद अब भी रिक्त हैं। इससे नगर निगम के दैनिक कामकाज और विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। विभिन्न श्रेणियों के इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पदों में से केवल 32 इंजीनियर कार्यरत हैं, जबकि 49 पद खाली हैं। ऐसे में कई प्रोजेक्ट और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एक इंजीनियर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट हैं। इसी कारण वह समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। करीब 300 करोड़ के कामों पर इसका असर पड़ रहा है।



गौरतलब है कि परिसीमन के बाद निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और इसमें 18 नगर पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद स्टाफ बढ़ाने के बजाय कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 70 वार्डों में हर वार्ड के लिए एक-एक सब इंजीनियर तक उपलब्ध नहीं है। फिलहाल सीमित इंजीनियरों को कई वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। स्टाफ की कमी के कारण कई काम ठेकेदार और साइट सुपरवाइजर के भरोसे चल रहे हैं। करीब दो साल से यह स्थिति बनी हुई है, जबकि प्रोजेक्ट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देरी के कारण लागत भी बढ़ रही है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### इनकी हुई बिलासपुर में पोस्टिंग

रायपुर निगम के सब इंजीनियर गोपाल प्रधान, भिलाई निगम के सब इंजीनियर शंकर सुवन मरकाम, राजनांदगांव निगम की सब इंजीनियर सुश्री दुर्गा कंवर की बिलासपुर में तीन इंजीनियर और एक उपायुक्त की पोस्टिंग की गई है। इसी तरह नपं कोटा के सोम शेखर शर्मा को बिलासपुर नगर निगम, भूमिका शास्त्री को पत्थलगांव से बोदरी में पोस्टिंग दी गई है। ध्यान रहे कि इससे कुछ दिन पहले भी पोस्टिंग हुईं थीं। इसमें ललित त्रिवेदी, जिन्हें असिस्टेंट इंजीनियर से पदोन्नत कर प्रभारी कार्यपालन अभियंता बनाया गया है, अब बिलासपुर में सेवाएं देंगे। इसके अलावा रायपुर नगर निगम के ईई लाल महेंद्र प्रताप सिंह और कोंडागांव के सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव को भी प्रभारी ईई के तौर पर बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं, अंकुर पांडेय को उपायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

### नए सेटअप की मांग की गई थी

निगम के मुताबिक क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार से नए सेटअप और अतिरिक्त पदों की मांग की गई थी ताकि बढ़ते कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। इधर निगम में 47 सब इंजीनियर पदों में से सिर्फ 22 असिस्टेंट इंजीनियर पदों में से केवल 4, और 10 कार्यपालन अभियंता पदों में से सिर्फ 6 पद भरे हुए हैं। वहीं 2 सीनियर इंजीनियर पदों में से केवल एक पद पर नियुक्त है। इससे साफ है कि नगर निगम का तकनीकी ढांचा गंभीर स्टाफ संकट से गुजर रहा है।



## अरपा में रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा

# दो बैराज तो बन गए, लेकिन 100 करोड़ के चार एसटीपी अधूरे, पानी रुका तो जहर बन जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

100 करोड़ की लागत से शिवघाट और पचरीघाट में दो बैराज लगभग बनकर तैयार हैं लेकिन 70 नाले, नालियों का गंदा पानी जो अरपा नदी में पहुंचता है, उसे साफ करने के लिए 100 करोड़ में बनाए जा रहे चार एसटीपी अधूरे पड़े हैं। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा। हालांकि निगम का दावा है कि जल्द ही चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है।

देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए, जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं। निगम के मुताबिक ठेकेदार को यह काम मार्च 2025 तक पूरा करना था। कार्य में देरी के कारण कंपनी पर पहले ही 67 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। इसमें 10 एमएलडी एसटीपी में देरी पर 41 लाख रुपए (3% पेनाल्टी) और 6 एमएलडी क्षमता के दूसरे एसटीपी के निर्माण में देरी पर 26 लाख रुपए शामिल हैं।

शहर के 70 नाले, नालियों का गंदा पानी, सीवरेज कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे



### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### 17 साल बाद भी सीवरेज अधूरा

यहां यह भी ध्यान रहे कि जल-मल की निकासी रोकने के लिए साल 2007-2008 में शुरू हुई सीवरेज परियोजना अपने लक्ष्य से अब तक कोसो दूर है। योजना के अंतर्गत 40 हजार घरों के जल-मल की सफाई होनी थी, पर अब तक निगम एरिया के करीब 20 फीसदी ही घरों को इससे जोड़ा जा सका है। निगम की मानें तो 17 साल बाद भी केवल 7693 हाउस कनेक्शन दिए जा सके हैं।

### ठेकेदार पर की गई पेनाल्टी

जल्द ही चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। लापरवाही और देरी के मामले में ठेका कंपनी पर पेनाल्टी भी लगाई गई है।

\- प्रकाश कुमार सर्वे
निगम कमिश्नर

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है।

### शिवघाट बैराज योजना

| | |
|---|---|
| स्वीकृत राशि | 49 करोड़ 13 लाख रुपए |
| योजना का जल ग्रहण क्षेत्र | 1998 वर्ग किमी |
| बैराज की लंबाई | 334 मीटर |
| बैराज की ऊंचाई | 3.50 मीटर |
| जल भराव क्षमता | 1.80 मिलीघन मीटर |
| सड़क की चौड़ाई | 7.50 मीटर |
| बैराज गेट की संख्या | 20 |

### पचरीघाट बैराज योजना

| | |
|---|---|
| स्वीकृत राशि | 48 करोड़ 97 लाख रुपए |
| योजना का जल ग्रहण क्षेत्र | 2000 वर्ग किमी |
| बैराज की लंबाई | 278 मीटर |
| बैराज की ऊंचाई | 3.50 मीटर |
| जल भराव क्षमता | 1.20 मिलीघन मीटर |
| सड़क की चौड़ाई | 7.50 मीटर |
| बैराज गेट की संख्या | 16 |

# 1 करोड़ की ठगी करने वाले को बैंक खाता उपलब्ध कराया

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

**2 आरोपी गिरफ्तार**




रिटायर्ड महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 4 लाख की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में पुलिस ने जालसाजों को कमीशन में म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले 6 म्यूल बैंक खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस मुख्य जालसाजों को नहीं पकड़ पाई है।

रेंज साइबर थाना के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट लिखाई गई। शांतिनगर मंगला चौक निवासी 82 वर्षीय रिटायर्ड महिला प्रोफेसर को जालसाजों ने वाट्सएप मैसेज व वीडियो काल कर अपने आपको केंद्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हुए उन्हें यह कहकर भयभीत किया कि उनका नाम एक आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ है। उक्त संगठन को धन भेजने में वे सहयोग कर रही हैं। उक्त मामले में बचाने के नाम पर उनसे 1 करोड़ 4 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी।

रेंज साइबर थाना उक्त मामले की जांच कर रही है। बैंक खाता व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने जालसाजों को कमीशन में म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले फरार आरोपी राहुल कामडी पिता प्रकाश कामडी 38 साल ताजेश्वर नगर हुडकेश्वरनाका नागपुर, गौरव मिश्रा पिता रमाकांत मिश्रा 27 साल वसंतनगर अंजनी नागपुर महाराष्ट्र निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व 6 म्यूल बैंक खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया था। मजेदार बात यह है कि रेंज थाना पुलिस महिला प्रोफेसर से करोड़ों रुपए ठगी करने वाले मुख्य जालसाजों को नहीं पकड़ पा रही है।

### नेपाल काठमांडू से की गई ठगी

उक्त मामले में पुलिस की अब तक जांच में यह खुलासा हुआ कि महिला प्रोफेसर से नेपाल काठमांडू में बैठकर डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। पकड़े गए कमीशनखोर दोनों आरोपियों ने पूर्व में पकड़े गए म्यूल खाताधारक नेहमत उल्ला को नेपाल काठमांडू भेजने की व्यवस्था की थी।

**दाम कौड़ियों में**



# लाखों की लावारिस सागौन बारिश में हो गई खराब

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सागौन जब्त किया, लेकिन जब लकड़ी का आंकलन किया गया तो वह बारिश व मिट्टी डंप के कारण पूरी तरह से सड़ चुकी थी। इसके बाद लाखों की लकड़ी की कीमत कौड़ियों के दाम में आ गई।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल की टीम को सूचना मिली कि बिलासपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम जैतपुर चिल्हाटी में नदी के किनारे आम के पेड़ के पास लाखों रुपए के 16 सागौन के लट्ठे लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। सूचना मिलने के बाद लावारिस लकड़ी को जब्त करने से पहले आरोपी की खोजबीन के लिए मुखबिर को सचेत कर दिया गया। 24 घंटे में मुखबिर की कोई सूचना नहीं मिलने के बाद शनिवार को टीम मौके पर पहुंची, जहां लाखों के सागौन की लकड़ी बारिश और मिट्टी डंपिंग के कारण सड़ गई थी। लट्ठे पूरे सूख गए थे। इसका आंकलन करने पर लाखों की लकड़ी की कीमत कौड़ियों के दाम पर निकली। बिलासपुर वन मंडल की टीम ने सागौन को जब्त करने के साथ अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत अपराध कायम कर खोजबीन शुरू कर दी है।

इस संबंध में रेंजर यशपाल वर्मा ने बताया कि सागौन की लकड़ी राजस्व भूमि पर मिली है, जिसके संबंध में आसपास लोगों से पूछताछ में डेढ़ से दो साल पहले रखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। बारिश और मिट्टी में डंपिंग के कारण सागौन की लकड़ी खराब होने से कीमत का आंकलन भी नहीं हो पा रहा है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।


## सरैया रिसॉर्ट के स्टाफ की मदद से वन विभाग ने किया रेस्क्यू

# शिवतराई में मिला दुर्लभ प्रजाति का गोल्डन ग्रीक कछुआ

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

बारिश के मौसम में शिवतराई के पास स्थित सरैया रिसोर्ट में शनिवार को दुर्लभ प्रजाति का गोल्डन ग्रीक कछुआ देखने को मिला। सरैया रिसोर्ट के संचालक ने इस दुर्लभ प्रजाति के कछुआ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। कर्मचारियों की मदद से इस दुर्लभ प्रजाति के गोल्डन रंग वाले कछुआ का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जंगल से होते हुए यह दुर्लभ कछुआ रिसॉर्ट में पहुंच गया। गोल्डन ग्रीक कछुआ भूमध्यसागरीय कछुओं की एक लोकप्रिय प्रजाति है। यह पीले-सुनहरे रंग के आकर्षक खोल यानि शैल के लिए जाने जाते हैं। उत्तरी अफ्रीका, दक्षिणी यूरोप और मध्य पूर्व के गर्म, शुष्क इलाकों में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 4 से 8 इंच तक और मुख्य खोल हल्के पीले या सुनहरे रंग का होता है, जिस पर गहरे भूरे या काले रंग के निशान होते हैं। ये शाकाहारी होते हैं, जिसका मुख्य आहार ताजे घास, जंगली फूल, और हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल होनी चाहिए। धूप के लिए बास्किंग लैंप और विटामिन डी 3 के लिए यूवीबी लाइट जरूरी है। इस प्रकार के प्रजाति का दुर्लभ कछुआ पहली बार देखने को मिला है। वन विभाग के अधिकारियों ने सरैया रिसॉर्ट के संचालक तथा कर्मचारियों के प्रति आभार जताया है। बारिश के मौसम में जीव जंतु बाहर निकल कर आते हैं और विचरण करते हैं। अचानकमार अभ्यारण में भी जंगली जीव जंतु बारिश में दिखाई देते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने वन्यजीव जंतु की सुरक्षा की अपील की है।









## एरीना एनीमेशन बिलासपुर में बी.वोक डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

### एवीजीसी सेक्टर बना युवाओं के लिए सबसे तेजी से उभरता करियर, सीमित सीटों पर प्रवेश जारी

बिलासपुर। भारत में तेजी से विकसित हो रही एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) इंडस्ट्री आज देश के सबसे अधिक संभावनाओं वाले रोजगार क्षेत्रों में शामिल हो चुकी है। डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ओटीटी प्लेटफॉर्म, गेमिंग, सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और वैश्विक कंटेंट की बढ़ती मांग ने इस उद्योग को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। इसी बदलते परिदृश्य को देखते हुए एरीना एनीमेशन बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.वोक (बैचलर ऑफ वोकेशन) इन एनीमेशन डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं।

इस वर्ष केवल 20 सीटों पर ही प्रवेश दिया जाएगा।पिछले 28 वर्षों से एरीना एनीमेशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ में रचनात्मक एवं तकनीकी शिक्षा का अग्रणी संस्थान रहा है। संस्थान ने हजारों विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर देश और विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों तक पहुंचाया है। आज यहां से प्रशिक्षित विद्यार्थी अमेरिका के कैलिफोर्निया, सिलिकॉन वैली, टेक्सास एवं न्यूयॉर्क, कनाडा के वैंकूवर एवं टोरंटो, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, एडिलेड एवं मेलबर्न, दुबई, लंदन तथा मलेशिया सहित अनेक देशों में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं।संस्थान के विद्यार्थी फ्रेमस्टोर, डबल नेगेटिव (डीएनईजी), रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट, एमपीसी, स्कैनगेट सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्टूडियो और प्रोडक्शन कंपनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

यही कारण है कि एरीना एनीमेशन बिलासपुर की पहचान केवल एक प्रशिक्षण संस्थान के रूप में नहीं, बल्कि ग्लोबल प्लेसमेंट और इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल्स तैयार करने वाले संस्थान के रूप में स्थापित हुई है।विशेषज्ञों के अनुसार भारत का एवीजीसी-एक्सआर (AVGC-XR) सेक्टर आने वाले वर्षों में विश्व के सबसे बड़े क्रिएटिव उद्योगों में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल उपभोक्ता बाजारों में से एक है, जहां ओटीटी प्लेटफॉर्म, गेमिंग, डिजिटल विज्ञापन, ई-लर्निंग, सोशल मीडिया कंटेंट, वर्चुअल प्रोडक्शन और एक्सटेंडेड रियलिटी (XR) की मांग लगातार बढ़ रही है। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में लाखों नए रोजगार सृजित होंगे।भारत सरकार ने भी एवीजीसी सेक्टर को राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शामिल किया है। एवीजीसी टास्क फोर्स की अनुशंसाओं के बाद कौशल विकास, स्टार्टअप प्रोत्साहन, वैश्विक निवेश और आधुनिक पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



## इंटरनेशनल डिजाइन अकादमी डिजाइनिंग पाठ्यक्रमों में सुनहरा अवसर

इंटरनेशनल डिजाइन अकादमी (International Design Academy - IDA) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अकादमी इटली के प्रतिष्ठित Istituto di Moda Burgo के सहयोग से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिजाइन शिक्षा प्रदान कर रही है। संस्थान में यूजी (UG), पीजी (PG), डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जा रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए ग्राफिक डिजाइन, फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, आर्किटेक्चर, फोटोग्राफी, फाइन आर्ट्स तथा मेकअप आर्टिस्ट्री जैसे रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध हैं। संस्थान की डायरेक्टर सईदा वनक ने बताया कि अभी स्कालरशिप ऑपर्च्युनिटी भी शुरू है तथा सीमित सीटों पर प्रवेश जारी है। इच्छुक विद्यार्थी शीघ्र आवेदन कर अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

इंटरनेशनल डिजाइन अकादमी (IDA) का पता-प्रिमियर क्रिएटिव कैंपस, तेलीपारा, जवाली नाला रोड, मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)




## होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालखदान, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा IX एवं कक्षा XI तक प्रवेश दिए जा रहे हैं। कक्षा XI में विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय उपलब्ध हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक सुविधाएँ, सुरक्षित एवं सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य एवं वेल-बीइंग सहायता, परिवहन सुविधा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एवं भविष्य की तकनीकों पर आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।


विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं का भी नियमित आयोजन किया जाता है। इच्छुक अभिभावक एवं विद्यार्थी विद्यालय परिसर, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने, लालखदान, बिलासपुर स्थित विद्यालय में संपर्क कर प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




## एमजीएम पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

एमजीएम पब्लिक स्कूल, तालाब रोड, घुरू (बिलासपुर) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध (Affiliation No. 3330490) है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय में उपयुक्त शिक्षण, गतिविधि पर आधारित शिक्षण पद्धति तथा अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। वरिष्ठ कक्षाओं में गणित, जीवविज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार छात्रों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय एवं रिसोर्स सेंटर, खेल सुविधाएं, परिवहन सुविधा, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां तथा सीबीएसई मानकों के अनुरूप सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) की व्यवस्था की गई है। साथ ही संस्था के प्रिंसिपल ने बताया की विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




सम्मान

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहर के चिकित्सक सम्मानित



**बिलासपुर।** आईएमए हाल में शनिवार को चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए श्रीफल एवम शाल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले डाक्टरों में डॉ विनोद तिवारी, डॉ आर डी गुप्ता, डॉ केके जायसवाल, डॉ मोहन गुप्ता , डॉ लालचंदानी, डॉ जी डी मोटवानी, डॉ गौरी दत्ता, डॉ नीलिमा घाटगे, डॉ सुनीता वर्मा डॉ आर के सिंह, डॉ अशोक अग्रवाल शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रमोद जायसवाल ने की। संयोजन डॉ प्रसन्ना सिंह, डॉ योगेन्द्र गुप्ता, डॉ गोपेन्द्र दीक्षित एवम डॉ नीरज शर्मा ने किया। मंच का संचालन डॉ श्रुति जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में आईएमए बिलासपुर के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

आयोजन

## लायंस क्लब द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि :शुल्क बीपी एवं शुगर जांच



**बिलासपुर।** लायंस क्लब द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच की सेवा प्रारंभ की गई है। यह सेवा कैलाश महाराज दवाखाना, सीपत चौक, सरकंडा, जैन मंदिर के सामने, बिलासपुर में उपलब्ध रहेगी। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में लायंस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष लायन हरदीप सिंह ने कहाँ कि आज हम सभी एक ऐसे सेवा कार्य का शुभारंभ कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य हमारे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करना है। सचिव लायन मनीष चंदेल, कोषाध्यक्ष लायन रौनक अग्रवाल (सीए) सहित किशन बुधिया, इत्तेफाक सागरी, नरेन्द्र पाल सिंह गांधी, देवेन्द्र टुटेजा, अरुण शुक्ला, भूपेंद्र गांधी, राजेंद्र अग्रवाल, शैलेश बाजपेयी, हर्ष पांडेय, रमेश अग्रवाल, डॉ राजेश दुबे, मोहन होनप, विजय क्रांति तिवारी, श्रीकांत सहारे, परमजीत छाबड़ा एवं नरेश भंडारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला स्वास्थ्य विभाग का आयोजन



**बिलासपुर।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। विभाग ने सभी पात्र दंपत्तियों से निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में पहुंचकर निःशुल्क परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभा गरेवाल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की चुनौती को देखते हुए मातृ व शिशु स्वास्थ्य, बेहतर पोषण तथा परिवार की आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए परिवार नियोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु और स्वस्थ परिवार के निर्माण में जनसामान्य की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जानकारी दी कि 11 से 18 जुलाई तक जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन संबंधी परामर्श के साथ अस्थाई व स्थाई परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

स्पोर्ट्स

## वेस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 अगस्त से, 200 खिलाड़ी लेंगे भाग



**बिलासपुर।** जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में शहर में निरंतर बैडमिंटन के राज्य स्तरीय विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिता का सफल आयोजन होता रहा है। इसी कड़ी में राज्य बैडमिंटन संघ ने इस बार सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ एक और बड़े स्तर के बैडमिंटन प्रतियोगिता वेस्ट जोन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिला बैडमिंटन संघ को दी गई। प्रतियोगिता की जिम्मेदारियों में आगामी माह में 25 से 29 अगस्त राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें लगभग 200 बालक -बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे एवं वेस्ट जोन बैडमिंटन जिसमें 5 राज्य गुजरात,गोवा,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेगी। बैठक में बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव श्री चंद्राकर, उपाध्यक्ष एवं मनीष उभरानी,शरी सौरभ रा ,मुख्य फील्ड सहयोगी कमल राय शामिल हुए। मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य एवं कोच गुरदीप सिंह, हेम पांडे एवं भारती दुबे, चम्पा मजूमदार, दिव्य सिंह एवं सहयोगी जावेद अली ने विचार व्यक्त किया।

# सीजीपीएससी की परीक्षा शहर के 37 केन्द्रों में होगी आज

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा रविवार को शहर के 37 केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, पहचान सत्यापन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के आधार पर सत्यापन और जांच प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे में अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है। परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थियों को केवल आधी बांह के साधारण कपड़े पहनकर आने की अनुमति होगी। काले, हरे, नीले, नारंगी, भूरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व चेकदार कपड़े पहनने पर प्रतिबंध रहेगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी, जबकि कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना भी प्रतिबंधित रहेगा।

वहीं परीक्षा शुरू होने के पहले आधे घंटे और समाप्ति के अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग किया जा सकेगा।

### 13 हजार अभ्यथी देंगे परीक्षा




डिप्टी कलेक्टर नारायण गबेल ने बताया कि सीजीपीएससी की परीक्षा में 13 हजार 716 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन किया है। परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने अथवा अनुचित साधनों का उपयोग करने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित भी किया जा सकता है। प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# आईसीएआई द्वारा कैश ट्रांजैक्शन आयकर प्रभाव विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की टैक्सेशन ऑडिट्स क्वालिटी रिव्यू बोर्ड के तत्वावधान में शाखा आईसीएआई द्वारा आईसीएआई भवन, व्यापार विहार में कैश ट्रांजैक्शन एवं आयकर प्रभाव विषय पर अर्धदिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एडवोकेट महेश अग्रवाल, इंदौर ने आयकर अधिनियम के अंतर्गत नकद लेन-देन से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रतिबंधों एवं उनके व्यावहारिक प्रभावों पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नकद प्राप्ति एवं भुगतान पर लागू प्रावधानों, संभावित दंडात्मक परिणामों, कर लेखापरीक्षा में रिपोर्टिंग की आवश्यकताओं तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि करदाताओं एवं पेशेवरों को नकद लेन-देन से संबंधित प्रावधानों का पूर्णतः पालन करना चाहिए, ताकि अनावश्यक कर विवादों एवं दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने हाल के संशोधनों एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। सेमिनार में बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सहभागिता कर विषय का लाभ प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की विषयवस्तु एवं प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं समसामयिक बताया। बिलासपुर शाखा ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, प्रतिभागियों एवं अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।




विनोबानगर में आयोजित समर डांस कैंप का समापन

# प्रतिभागी बच्चों ने दी नृत्य की शानदार प्रस्तुति

**बिलासपुर।** विनोबानगर बिलासपुर में आयोजित समर डांस कैंप का रंगारंग समापन हुआ। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजकों ने बताया कि कैंप में महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया। यह सम्मान आयोजक नायडू डांस क्लासेस के निदेशक हरि नायडू एवं मुन्नम के करकमलों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वीमिंग कोच हेमंत परिहार थे। उनके मार्गदर्शन में अनेक सामाजिक एवं खेल संबंधी कार्यक्रमों का सफल आयोजन होते रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने आयोजन की प्रशंसा की तथा अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह समर डांस कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास में सफल रहा।

# जेपी वर्मा कॉलेज में पौधरोपण पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम




**बिलासपुर।** शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रोटरी क्लब ऑफ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं समाज सेवा के उद्देश्य से वृक्षारोपण एवं बौद्धिक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एल निराला थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटेरियन अमित चक्रवर्ती, प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रोटेरियन रंजीत सिंह बाली(सेक्रेटरी), रोटेरियन राजीव भारद्वाज, रोटेरियन रणबीर सिंह मरहास तथा रोटेरियन एसडी बड़गैया,डॉ मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स मैदान परिसर में फलदार एवं छायादार मिश्रित प्रजातियों के कुल 25 पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता को बढ़ावा देने तथा भविष्य में विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया गया। वृक्षारोपण के उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य एवं समाज सेवा के महत्व पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन गया है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ एस एल निराला ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदायी आधार हैं। महाविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# साइबर फ्रॉड, बच्चों के विरुद्ध अपराध व मोबाइल की लत से संबंधित जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस के द्वारा चेतना अभियान के तहत नियमित रूप से विभिन्न आयामों पर नागरिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें चेतना-यातायात जागरूकता, चेतना-महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, चेतना -साइबर फ्रॉड, चेतना विरुद्ध नशा की लत, मोबाइल की लत, वरिष्ठ जनों के विरुद्ध अपराध आदि अनेक आयामों पर जागरूकता अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को अपराध से बचने जानकारी दी जा रही है।

इसी के साथ-साथ पुलिस के द्वारा जन सरोकार से जुड़ी हुई विभिन्न समसामयिक जनहित जागरूकता कार्यक्रम भी लगातार आयोजित कर जनहित के कार्यों को व्यापक स्तर पर नागरिक संगठनों व आम नागरिकों के सहयोग से आयोजित कर समाज में व्याप्त भ्रांतियां एवं मिथकों के बारे में लोगों को जागरूक की जा रही है। इसी कड़ी में नागरिक संगठनों के विशेष सहयोग से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तखतपुर में छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं तथा महिलाओं को माहवारी के वैज्ञानिक पहलुओं तथा इस दौरान माता बहनों को होने वाली कठिनाइयों, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सावधानियां तथा सामाजिक भ्रांतियां एवं स्वच्छता से संबंधित मिथकों के बारे में खुलकर बात करते हुए जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप मे कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद तखतपुर की अध्यक्ष डॉ पूजा मक्कड़ ने की।

कार्नर न्यूज

# छात्राओं को सिखाए गए बॉडी लैंग्वेज, एक्टिंग के गुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



संगम नाट्य समिति द्वारा पीएमश्री सेजेस कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर में 7 दिवसीय प्रशिक्षण परक नाट्य कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छात्राओं को थिएटर गेम्स, डिक्शन, बॉडी मूवमेंट, बॉडी लैंग्वेज, एक्टिंग सिखा कर योग, फेस एक्सप्रेशंस की जानकारी दी गई।

संगम नाट्य समिति प्रत्येक वर्ष कार्यशालाओं के माध्यम से शहर के रंगकर्मी, स्कूल, कॉलेज के छात्रों को नाट्य कार्यशाला का प्रशिक्षण देती आ रही है। इसी तारतम्य में कन्या शाला सरकंडा में यह आयोजन संस्था के निदेशक शैलेन्द्र कुशवाहा के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में तक़रीबन 3 सौ छात्राओं ने भाग लेकर रंगमंच के गुर सीखे। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य गायत्री तिवारी का विशेष मार्गदर्शन रहा। समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि नाट्य कार्यशाला व्यक्तित्व निर्माण में धुरी का काम करता है। ऐसे आयोजनों के होने से विद्यालय में सुखद वातावरण के साथ शिक्षा की उन्नति और नवीन सृजन संभव होता है। उन्हें खुशी है कि संगम थिएटर ने नाट्य आयोजन हेतु इस कन्या स्कूल को चुना। व्याख्याता प्रवीण मिश्रा ने कहा कि स्कूल में कोई भी कार्यशाला का आयोजन नवाचार और शिक्षा को केंद्र में रख कर किया जाता है। नाटक एक ऐसी विधा है, जिसमें नृत्य, गीत-संगीत, अभिनय, मंच, सेट, प्रॉप्स सभी कुछ का समावेश समाहित होता है। इस विधा के आयोजन से बच्चों के जीवन में निखार और सुधार आता है। अभिनय से जीवन में अनुशासन की भावना जागृत होती है। कार्यशाला का संयोजन वज़्मे अदब के संयोजक अलीम ने किया।

कार्यशाला को सफल बनाने में वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा, सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में अतुल चंद्रवंशी, रोहित वैष्णव, मोहित वंशीवाल, श्रवण यादव, अमित शुक्ला, जय बघेल, जया कुशवाहा का सहयोग रहा। इन्होंने समय-समय पर उपस्थित होकर बच्चों की अभिनय दक्षता को निखारने और सुधारने में सहयोग प्रदान करते रहे।

### अवगत कराया गया अनछुए पहलुओं से

आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को कई ऐसे अनछुए पहलुओं से अवगत कराया जाता है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण और जीवन को सतत प्रवाहमान बनाने में सहायक सिद्ध होता है। रंगमंच की कोई भी गतिविधि इंसान को उसकी इंसानियत का आभास कराने में सहयोगी साबित होती है, क्योंकि एक अभिनेता जितनी बार जितने नाटकों में अभिनय करता है, वह उतने ही चरित्र को अलग-अलग जीता है। इसलिए उसे जीवन जीने की अनेक कलाओं का आभास रंगमंच के माध्यम से होते रहता है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक बार अपने जीवन में रंगमंचीय गतिविधियों में शामिल होकर अपने व्यक्तित्व निर्माण का सृजन करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन समिति का गठन, भाग्य लक्ष्मी अध्यक्ष

**तखतपुर।** केशरूवाडीह में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष भाग्य लक्ष्मी, उपाध्यक्ष पिल्लूराम साहू, सदस्य प्रमोद कुर्रे, शत्रुहन निषाद, मनीराम धुरी, मीना यादव, आशा कुर्रे, महावीर पाण्डेय तथा संयोजक राम दयाल पटेल बनाए गए।

### बुनकर प्रकोष्ठ के शिव संयोजक नियुक्त

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के बुनकर प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमें शिव देवांगन को



संयोजक बनाया गया है। संयोजक बनाए जाने पर शिव देवांगन ने कहा कि वे बुनकरों की समस्याओं को का किस तरह निराकरण किया जाए उसके के लिए प्रयास करेंगे साथ ही वे पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अन्य पदाधिकारियों में छोटे लाल देवांगन को जिला सह कार्यालय मंत्री, मुकेश देवांगन को जिला सह मीडिया प्रभारी तथा कार्यसमिति सदस्य के रूप में सुरेंद्र देवांगन, शत्रुहन वस्त्रकार, नरेश कोरी, दिलीप कश्यप, प्रशांत पटेल एवं शत्रुहन देवांगन शामिल किए गए हैं।

### पीयूष बने प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन सचिव

**लोरमी।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश



संयोजक शशिकांत साहू ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए लोरमी निवासी एवं समाज के सक्रिय युवा कार्यकर्ता पीयूष साहू को प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया है। पियूष साहू लंबे समय से साहू समाज के संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इससे पूर्व वे तहसील साहू युवा प्रकोष्ठ लोरमी के उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, बिलासपुर संभाग संयुक्त सचिव तथा संभाग कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

### लोरमी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव





**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोरमी में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मिठाकर प्रवेश दिलाया। नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल ने भी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने को कहा। महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा ठाकुर ने बच्चों को अपनी तरफ से कापी, पेन वितरित किए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक परशुराम रामेकर ,दूजे राम राज, रूपेश कुमार जायसवाल, पुष्पलता द्विवेदी, अंकिता तिवारी, देविका ध्रुवआदि उपस्थित रहे।

### अभाविप की कार्यकारिणी का गठन, नगर अध्यक्ष बने रोहित




**सेतगंगा/मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) फास्टरपुर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में रोहित गबेल को नगर अध्यक्ष तथा विकास खांडे को नगरमंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं शिवरानी साहू, केशरवानी, भोलेश्वर शर्मा एवं संदीप साहू को नगर सहमंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त पंकज भास्कर को महाविद्यालय प्रमुख, रोशन साहू को कोषाध्यक्ष, पूजा साहू को संयोजक, महेश दिवाकर को खेलो भारत प्रमुख, विशाल टंडन को कार्यालय मंत्री, आयुष साहू को एसएफएस प्रमुख, साहिल यादव को एसएफएस प्रमुख, प्रतीक शर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, बाबू ठाकुर को विद्यालय प्रमुख तथा सिद्धार्थ शर्मा को विद्यालय सह प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

### द्वारिका प्रसाद अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**गौरेला।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ तहसील पेंड्रा रोड के प्रथम अध्यक्ष स्व. द्वारिका प्रसाद अग्रवाल के निधन पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला गौरेला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में अनेक वक्ताओं ने उनके कृतित्व और जीवन पर बात रखी। इस अवसर पर मोहम्मद हसन, अनुपम मैथ्यू, एसके वर्मा, प्रकाश चंद्र नामदेव, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, आर के शर्मा, एमपी नामदेव, कपूर चंद साहू, शंकर लाल साहू, ओमप्रकाश तिवारी, बलदेव प्रसाद साठे, एस एन चौकसे, राजपूत, श्री दुबे प्रधान पाठक कन्या माध्यमिक शाला एच. एल. जायसवाल एवं अनेक पेंशनर साथी उपस्थित रहे साथ ही विजय कुमार दुबे, ध्रुव जीपी गुप्ता मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं मिले डॉक्टर

# करंट से झुलसे युवक की मौत आधी रात एनएच पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव





नगर में एक युवक की मौत ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत को एक बार फिर कठघरे में खड़ा कर दिया है। करंट की चपेट में आए युवक को बचाने की हर कोशिश उस समय सवालों के घेरे में आ गई, जब परिजनों ने आरोप लगाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आपात स्थिति के बावजूद कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे। उपचार की आस लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन निराशा और बेबसी के साथ जिला अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन उपचार न मिलने के कारण रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

■ जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हो गई मौत

गोविंद साहू उर्फ गोलू की मौत की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, लोगों का गुस्सा ज्वालामुखी की तरह फूट पड़ा। आधी रात को सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए और भाजपा नेता वेदप्रकाश के नेतृत्व में जरहागांव बस स्टैंड पर नेशनल हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्रामीण अंचल के स्वास्थ्य केंद्र केवल भवन बनकर रह गए हैं, जहां आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को डॉक्टरों की जगह रेफरल पर्ची थमा दी जाती है। लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में डॉक्टर मौजूद होते और समय पर उपचार शुरू किया जाता, तो शायद एक परिवार का चिराग बुझने से बच सकता था।

**वाहनों की लगी लंबी कतार**

हाईवे जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री परेशान रहे, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब व्यवस्था की लापरवाही से किसी की जान चली जाए, तब चुप बैठना भी अपराध है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और मृतक परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। करीब आधे घंटे तक चले इस उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने आंदोलन समाप्त किया और यातायात बहाल हो सका। लोगों ने बताया कि बीएमओ डॉ. कमलेश खैरवार से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं हुआ। युवक की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

## बंजर जमीन को हरा-भरा करने की मुहिम शिक्षक ने तैयार किए 3 लाख सीड बॉल



**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में पदस्थ शासकीय शिक्षक कलेश्वर साहू ने अकेले ही तीन लाख 'सीड बॉल' (बीज गेंद) तैयार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कलेश्वर साहू को इस नवोन्मेषी कार्य की प्रेरणा मार्च 2025 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार प्रशिक्षण के दौरान मिली थी। उन्होंने 20 अप्रैल 2026 से इस महती कार्य की शुरुआत की थी।

कलेश्वर साहू ने अद्वितीय कार्यक्षमता का परिचय देते हुए शुरुआती मात्र तीस दिनों के भीतर ही 1 लाख 52 हजार सीड बॉल तैयार कर लिए थे, जिसके बाद निरंतर प्रयास करते हुए उन्होंने 10 जुलाई 2026 तक तीन लाख सीड बॉल बनाने का विशाल लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। उन्होंने अपने परिवार के सहयोग और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मात्रा में मिट्टी, गोबर और विभिन्न प्रकार के बीज एकत्र किए। इन बीजों में मुख्य रूप से क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल स्थानीय प्रजातियों जैसे इमली, चार (चिरौंजी), तेंदू, गंगा इमली, सतावर, नीम, खमहार, करंज, अमरूद, जामुन और गुलमोहर को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान में वे इन सीड बॉल्स को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव, बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भूपेन्द्र सवन्नी, महापौर पूजा विधानी, तथा कलेक्टर से लेकर आम जनमानस तक को वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

## प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने का लिया संकल्प



**मुंगेली।** आरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवेदना कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। अपने उद्बोधन में अधिशाला डॉ. जितेंद्र सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में एक प्रेरणादायी सेल्फी चैलेंज प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हमारा कर्म ऐसा होना चाहिए कि पिछले वर्ष लगाए गए पौधे के साथ गर्व से सेल्फी ले सकें। यदि हम अपने लगाए हुए पौधे को जीवित रखकर उसका संरक्षण कर पाए, तभी हमारा पौधरोपण सफल माना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सेल्फी नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं समर्पण का प्रतीक होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन की सामूहिक शपथ भी ली गई।

## कल्याणिका में छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह




**गौरेला।** कल्याणिका पब्लिक स्कूल में 11 जुलाई को छात्रसंघ परिषद का शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। हंसवाहिनी प्रेक्षागृह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा के मुख्य अतिथ्य में नवनिर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य पदाधिकारियों को प्राचार्य शैलजा स्वामी ने शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि अविनाश कुमार मिश्रा ने कहा कि हमें जीवन में सदैव बड़े लक्ष्य बनाकर इसे पाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। संस्था के प्रबंधन्यासी हिमाद्री मुनि एवं जगदीशानंद ने छात्रपरिषद के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में विनोद कार्की, महादेवानंनद सहित प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। शपथ समारोह के आयोजन में सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्रसंघ के गठन को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देखा गया।

## सीएमओ ने किया 15 वार्डों का निरीक्षण



**बिल्हा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनीश सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को 15 वार्डो का भ्रमण कर स्वच्छता कार्यों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि बिल्हा को राष्ट्रपति के द्वारा 2025 में स्वच्छता पर प्रथम पुरस्कार मिला था। इसी को ध्यान में रखते हुए अधिकारी एव समस्त कर्मचारियों के द्वारा नगर पंचायत की साफ सफाई, नाली, सड़क, पानी सप्लाई एवं बिजली की ओर विशेष ध्यान दिया गया। अनीश सिंह ठाकुर ने कहा भरपूर कोशिश है कि जिस तरह बिल्हा नगर पंचायत को प्रथम अवार्ड मिला था, इस वर्ष भी बिल्हा को प्रथम अवार्ड से सम्मानित किया जाए। नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर पंचायत की पूरी टीम और सभी वार्डों के नागरिकों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

## बीएमओ ने पौधरोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



**लोरमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान अपनी मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति समर्पण के तहत शनिवार को 50 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल लोरमी में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण किया गया। जिसमें कदम, बादाम, जामुन और कई प्रजाति के पेड़ शामिल है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ के द्वारा वृक्षारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लेते हुए आमजन को भी प्रेरित किया। राजेंद्र साहू ने कहा कि आओ हम सब मिलकर एक पेड़ जरूर लगाए पर्यावरण को बचाएं सभी लोगों को जागरूकता करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री रक्षंदा महोबिया नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर माहेश्वरी पात्रे, मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, सचिव मुकेश कश्यप, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, तिरिथ साहू, टोकेश्वर साहू उपस्थित रहे।

**सरस्वती शिशु मंदिर पेण्डाराकापा में छात्र-छात्राओं का सम्मान**

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




सम्मान समारोह में पुरस्कृत छात्र एवं अतिथि।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विद्यार्थी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में करियर मार्गदर्शन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पेण्डाराकापा में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी भोजराम पटेल सर रहे। विशेष उपस्थिति के रूप में अभाविप के प्रदेश मंत्री अनंत सोनी, नगर सहमंत्री अरुण साहू, कैंपस सहमंत्री अदिति सेन उपस्थित रहे। प्रांत मंत्री अनंत सोनी ने कहा कि अभाविप केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। परिषद विद्यार्थियों में ज्ञान, शील, एकता, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का कार्य करती है। एसएसपी भोजराम पटेल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन, परिश्रम और अच्छे संस्कारों की नींव रखने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने, समय का सदुपयोग करने तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के बल पर ही विद्यार्थी अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे, साइबर अपराध और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा कानून का सम्मान करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ राष्ट्रहित, सामाजिक दायित्व, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। अंत में सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## सेमरसल स्कूल के बाल कैबिनेट मीटिंग, कामकाज का बंटवारा



**लोरमी।** ग्राम सेमरसल में छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में बाल कैबिनेट टीम का गठन हुआ। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बाल मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई।

सर्वप्रथम शाला के नवगठित प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री ने शिक्षकों के साथ बैठक का प्रारंभ किया और सभी को मंत्रिमंडल के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वागत भाषण में नव नियुक्त प्रधानमंत्री राधिका साहू ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई के लिए बेहतर माहौल बनाना है। बाल कैबिनेट में उपस्थित शिक्षक राजकुमार कश्यप ने कहा कि परस्पर सभी को दूसरे का सहयोग करते रहना है। इस अवसर पर शिक्षक राकेश पांडेय, प्रेमकुमार कश्यप, मेघा ध्रुव, सुहाना बंजारे, शुभी साहू, योगेश्वरी, सिद्धार्थ, लीलम, आकांक्षा, लकेश्वरी, कीर्ति, दिव्या, हरेश्वरी, आरती, सोनिया, दिव्या, उमंग, चंचल, नेतराम, लक्ष्मीन, साहिल, चमेली, अनुराधा, संजना, काजल, रेवती, लक्ष्मीन, प्राची, छवि, सुष्मिता, तेजस्विनी, मानवी, खुशी बाल केबिनेट छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सेजेस पंधी में 65 छात्राओं को मिली सायकल




**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही पौधरोपण एवं सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मस्तूरी सरस्वती सोनवानी, जिला पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश सूर्या, अध्यक्ष एसएमसी पंधी राधेश्याम मिश्रा, पंधी सरपंच वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य उषा केवट, ममता वस्त्रकार सहित जोहन वस्त्रकार, बसंत पुरी गोस्वामी, लव यादव, मणी धीवार एवं मोहन केवट उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेजेस पंधी प्राचार्य संजय शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रीति पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला से प्रभारी प्रधान पाठक चंद्रकला श्रीवास एवं सहायक शिक्षक प्रतिभा जायसवाल, संकुल समन्वयक धर्मेंद्र गौरहा, पूर्व माध्यमिक शाला से शिक्षक चानी ऐरी, अनीता साहू एवं आरती शुक्ला, उच्चतर माध्यमिक शाला से व्याख्याता रोमा सरकार, अर्चना देवांगन, सुभाश्री साहू, अपर्णा त्रिपाठी, सुरेश टाइगर, माधुरी कौशिक, हेमंत शर्मा, प्रीति पाण्डेय, मधु मनहर, केशनी साहू एवं तिषु शुक्ला, प्रयोगशाला शिक्षक मनोज गुरुदीवान, ओमप्रकाश दुबे तथा लक्ष्मी श्रीवास, राजकुमार राठौर, संतोषी यादव सहित समस्त शिक्षकगण, पालक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डोंगरिया स्कूल में छात्राओं को साइकिल का वितरण




**लोरमी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया में 11 जुलाई को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जनपद सदस्य नागेंद्र पटेल,सरपंच प्रतिमा रंगनाथ श्रीवास, भाजयुमो महामंत्री संदीप सोनी,विद्यालय के प्राचार्य रमाशंकर यादव, शाला प्रबंध अध्यक्ष धनीराम कोलएवं सभी शिक्षकों एवं पालकों की उपस्थिति में पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

## गर्ल्स स्कूल में दी गई कानून की जानकारी

**तखतपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने जनसंख्या वृद्धि के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों की जानकारी देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण तथा परिवार नियोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जागरूक नागरिक ही समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।नायब नाजिर चन्द शेखर ने छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, महिला सुरक्षा संबंधी कानून, साइबर अपराधों से बचाव, शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिवक्ता छविराज सिंह और उमेश्वरी बंजारे ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या या अधिकारों के हनन की स्थिति में वे विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न कानूनी विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं व्यवहारिक उत्तर दिया गया। छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, सामाजिक कुरीतियों का विरोध करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पी एल बी रामेश्वरी साहू, रश्मि मिश्रा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

## प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन, कैवर्त बने अध्यक्ष

**भर्रीडांड़।** पत्रकारों की एकता, सम्मान और संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा देने के उद्देश्य से मरवाही प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान पत्रकारों के हितों की रक्षा, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रयास कैवर्त को



मरवाही प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया। वहीं सूरज यादव को सचिव, राजेंद्र सोनी को कोषाध्यक्ष, श्रीनिवास सुमेर को सह सचिव, महेश पटस्कर को मीडिया प्रभारी, सीता पवन बनाफर को महिला विंग प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही संगठन के मार्गदर्शन एवं मजबूती के लिए वरिष्ठ पत्रकार मुरारी लाल रैदास, वीरेंद्र पाण्डेय, अमित तिवारी एवं योगेंद्र सिंह नहरेल को संरक्षक सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

## खबर संक्षेप

### बरई चौरसिया समाज की कार्यकारिणी की बैठक आज

**बिलासपुर।** बरई चौरसिया समाज कार्यकारिणी की बैठक रविवार 12 जुलाई को समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राम बनवास थवाईत के निवास राजकिशोर नगर में दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। बैठक में समाज के विकास एवं आगामी नागपंचमी पर्व को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने की अपील की गई है। उक्त जानकारी समाज की सचिव अर्चना तम्बोली ने दी।

### सिम्स की डायलिसिस सुविधाः 6 माह में 315 से अधिक मरीज को पहुंचा फायदा

**बिलासपुर।** सिम्स के डायलिसिस यूनिट में किडनी के मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस सुविधा मिल रही है। 10 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनों से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस दौरान अनुभवी चिकित्सकों, प्रशिक्षित तकनीशियनों एवं नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी में मरीजों को सुरक्षित डायलिसिस कराया जा रहा है। महज 6 माह में 315 मरीजों का 3 हजार 60 बार डायलिसिस कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। बताया जा रहा है कि सिम्स के द्वारा 315 मरीजों का सफल उपचार किया गया जिसमें सप्ताह में दो बार डायलिसिस कराने वाले 45 मरीजों के 1,080 डायलिसिस किया गया है। वहीं सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराने वाले 116 मरीजों के 1,400 डायलिसिस सिम्स स्टाफ द्वारा किया गया है। अस्पताल में भर्ती 154 मरीजों के 580 डायलिसिस किए गए है। मेडिसीन विभाग के डॉ. आशुतोष कोरी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में डायलिसिस यूनिट संचालित किया जा रहा है। किडनी रोगियों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

सिम्स के डीन डा. रमो मूर्ति ने बताया जरूरतमंद मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। डायलिसिस यूनिट में आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं समर्पित टीम के कारण मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा है। सिम्स के अधीक्षक डा. लखन सिंह ने कहा डायलिसिस यूनिट आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है तथा यहां उपचार की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों, तकनीशियनों, नर्सिंग एवं सहायक स्टाफ की टीम भावना से काम कर रही है।

### जीवधर्णी फाउंडेशन ने बच्चों को वितरित की अध्ययन सामग्री




**बिलासपुर।** जीवधर्णी फाउंडेशन ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित ग्राम अचानकमार में शिक्षा जागरूकता अभियान अंतर्गत शाला में विद्यार्थियों के अध्ययन की सुविधा हेतु सभी बच्चों को उनकी सभी विषयों के लिए कॉपियां तथा लेखन सामग्री भेंट की फाउंडेशन ने आओ संवारे कल अपना खेल जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों खेल सामग्री भी भेंट की। इसमें रामकृष्ण विवेकानंद संस्कृत सेवा समिति विशेष सहयोग रहा। जीवधर्णी फाउंडेशन यह अभियान प्रोफेसर स्व.प्रभु दत्त खेड़ा की स्मृति में चलता है, जिन्होंने अचानकमार में 40 वर्ष रहकर लोगों को निशुल्क शिक्षा देकर अपने प्रयासों से वन क्षेत्र में स्कूल और छात्रावास की स्थापना कराई। कार्यक्रम में जीवधर्णी फाउंडेशन से विकास चंद्र वर्मा, अभिषेक सिंह ठाकुर, अर्चना करमाकर, मीना दत्त, मधुदीप साकत उपसरपंच, सरोज सोनवानी पंच, सुमन सकत पंच, सरोज कोल पंच, काजोल साकत पंच, दीप प्रकाश साकत एवं शाला के शिक्षक उपस्थित रहे।

### मोरिंगा ओलिफेरा विषय पर नीलम को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय ने नीलम सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



नीलम को मोरिंगा ओलिफेरा विषय पर उनके शोध के लिए यह उपाधि दी गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य शोध केन्द्र शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या विश्वविद्यालय रायपुर में गृह विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. वासु वर्मा के निर्देशन में पूरा किया है।

### संयुक्त, डिप्टी कलेक्टरों के बीच कार्य विभाजन

**बिलासपुर।** जिले में प्रमोशन के साथ स्थानांतरण पर दो नए डिप्टी कलेक्टर भवानी शंकर साव और सालिक राम गुप्ता की पदस्थापना की गई है, इसलिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टरों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। कलेक्टोरेट में नए सिरे से कार्य विभाजन तहत संयुक्त कलेक्टर अभिषेक दीवान को वित्त एवं स्थापना, नाजरात शाखा, जनसंपर्क, रीडर टू कलेक्टर, सांख्य लिपिक आदि का प्रभार दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर रजनी भगत को चिप्स, लोकसेवा केन्द्र, बाल श्रम परियोजना, वरिष्ठ लिपिक का प्रभारी सहित सरकंडा थाना, महिला थाना, सिरगिट्टी थाना, सिविल लाइन थाना, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी को बिल्हा एसडीएम के साथ ही भू-बंटन, भू-अर्जन, डीएमएफ का प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर अरूण खलखो को 20 सूत्रीय शाखा, सिटीजन चार्टर, आवक-जावक शाखा दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गबेल को नजूल अधिकारी, परीक्षा शाखा, भू-अभिलेख शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व का प्रभारी बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर भवानी शंकर साव को मुख्य प्रतिलिपिकार, आवास शाखा, हिन्दी आंग्ल अभिलेख कोष, राहत शाखा, राजस्व आंकिक एवं तकाबी का प्रभारी सहित तारबहार थाना, तोरवा थाना का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर सालिक राम गुप्ता को भाड़ा नियंत्रक, जनसूचना अधिकारी, जनदर्शन एवं जनशिकायत, शिकायत शाखा, जनसमस्या निवारण शिविर, जनगणना, समय सीमा, सीएम हेल्प लाइन का प्रभारी समेत कोनी थाना, जीआरपी थाना, आजाक थाना का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

---

**सभी प्रभारी, स्थायी नियुक्ति नहीं** | **शासन के आदेश में वरिष्ठता नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा**

# शिक्षा विभाग में प्रभारवाद, पांच सालों में पांच जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल की नियुक्ति पर रोक लग गई है। सबसे बड़ी बात की विभाग की ओर से किसी भी अधिकारी को प्रभार भी नहीं दिया गया है। इससे विभाग में दो दिन से ना तो कोई फैसले लिए जा रहे हैं ना ही आदेश ही किया जा रहा है।

**जिले में पदस्थ प्रभारी डीईओ**
- टी आर साहू
- अनिल तिवारी
- विजय तांडे
- रामेश्वर जायसवाल

हालांकि सोमवार को इस बारे में मंत्रालय स्तर से कुछ फैसला लेने की बात जरूर कही जा रही है। इधर देखा जाए तो जिले के शिक्षा विभाग में काफी लंबे समय से कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। सबसे बड़ा मामला जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति का है। पिछले पांच सालों में पांच जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति हुई है लेकिन कोई भी स्थायी नहीं है। प्रभारी की नियुक्ति ही की जा रही है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक कसावट में कमी आती है तो कई बड़े मामलों में फैसले में भी परेशानी आ रही है। यही नहीं इन नियुक्तियों में वरीष्ठता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है इसलिए विवाद भी सामने आ रहे हैं।

ध्यान रहे कि जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की नियुक्ति पर अंतरिम रोक लगा दी है। यहां जूनियर प्राचार्य को डीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। बिलासपुर में पदस्थ प्राचार्य राघवेंद्र गौराहा और कामेश्वर बैरागी ने अधिवक्ता जितेंद्र पाली के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि जिले में 100 से ज्यादा ऐसे प्राचार्य हैं, जो नियुक्त किए गए अधिकारी से 18 साल या उससे अधिक सीनियर हैं। इसके बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग ने महज कुछ महीने पहले पदोन्नत हुए प्राचार्य (एलबी) रामेश्वर जायसवाल को प्रभारी डीईओ के पद पर पदस्थ कर दिया।

### बीईओ के लिए भी पांच साल की वरिष्ठता जरूरी

नियमों की बात करें तो राजपत्र में इसका उल्लेख है कि बीईओ बनने के लिए भी कम से कम पांच साल सीनियर प्राचार्य के पद पर काम करना अनिवार्य है जबकि बिलासपुर में 6 महीने पहले प्राचार्य बने शिक्षाकर्मी को डीईओ बना दिया गया। इसमें सीनियर प्राचार्यों को आपत्ति इस बात की है कि राज्य सरकार के सर्कुलर के मुताबिक कनिष्ठ अधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर पदस्थ नहीं किया जा सकता। खासकर तब जब उसे अपने से सीनियर अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) लिखने की स्थिति में ला दिया जाए। जानकारों का भी मानना है कि सरकार का यह आदेश वरिष्ठता के सिद्धांत के विपरीत है और इससे पूरे जिले के प्राचार्यों में असंतोष है।

### राजपत्र में इन नियमों का है उल्लेख

राजपत्र की बात करें को इसमें साफ उल्लेख है कि उप संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी के पद प्राचार्य (ई एवं टी संवर्ग), सहायक संचालक तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की एकीकृत वरिष्ठता सूची से पदोन्नति के पद भरे जायेंगे। इसका लेकिन बिलासपुर जिले में तो कई सालों से पालन नहीं किया जा रहा है।जिसकी पहुंच है वह उसी आधार पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बन जा रहा है।यही नहीं इन नियुक्तियों के बाद भी शिक्षा विभाग में काम समय पर और व्यवस्थित तरीके से हो रहा हो, ऐसा भी नहीं है।हर नियुक्ति के बाद लगातार गड़बड़ियों की नई फेहरिस्त सामने आती है। अधिकांश मामलों में राज्य स्तर पर जांच भी हो रही है।

---




पुराना बस स्टैण्ड शिव टाकीज रोड पर किया गया सौंदर्यीकरण उजड़ने लगा है, यहां फौवारा बंद है, घास भी खराब होने लगी है।

---

एजुकेशन प्लस

### बीपीएस में रूफटॉप गार्डनिंग पर विशेषज्ञ व्याख्यान



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई में विद्यार्थियों के बीच कौशल-आधारित शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कौशल विकास के अंतर्गत रूफटॉप गार्डनिंग विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शिल्पा कौशिक मोदी, विषय विशेषज्ञ कृषि विज्ञान एग्रोनॉमी, कृषि विज्ञान केंद्र केवीके बिलासपुर ने अपने अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थियों को सतत कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। संवादात्मक व्याख्यान में डॉ. मोदी ने बताया कि किस प्रकार रूफटॉप गार्डनिंग के माध्यम से सीमित शहरी स्थानों को भी हरित एवं उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने घरों की छतों पर सब्जियाँ, औषधीय एवं अन्य उपयोगी पौधे उगाने की सरल एवं व्यावहारिक विधियों की जानकारी दी तथा इसके पर्यावरणीय, स्वास्थ्य एवं आर्थिक लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सत्र में सहभागिता की, जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल इस पर्यावरण-अनुकूल पहल की सराहना कर छात्रों को सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा कि कौशल-आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या श्रीमती रोज़मेरी लक्ष्मण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने डॉ. शिल्पा कौशिक का आभार व्यक्त किया।

---

**बर्थ एवं डेथ सर्टिफिकेट ऑनलाइन करवाने भटक रहे सैकड़ों लोग**

# नगर निगम में शामिल होकर भी नहीं सौंपा दस्तावेज, कलेक्टर लेंगे सचिवों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में शामिल होने के छह साल बाद भी जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों से संबंधित विधिक भाग व दस्तावेज नहीं सौंपने वाले सचिवों की जल्द ही क्लास लगेगी। कलेक्टर ने जिला योजना सांख्यिकीय विभाग को नगर निगम में शामिल उन सभी गांव के तत्कालीन सचिवों को दस्तावेज सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि द्वारा 'ऑफलाईन बर्थ सर्टिफिकेट से बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नहीं, पालक हलाकान' एवं 'नगर निगम में शामिल होने के छह साल बाद भी सचिवों ने नहीं सौंपा विधिक भाग' शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सारे तत्कालीन सचिवों को दस्तावेजों के साथ तलब किया है। विधिक भाग ग्राम पंचायत सचिवों के पास उपलब्ध रहने वाला वह प्रपत्र है, जिसमें गांव में जन्म लेने व मरने वालों की विस्तृत जानकारी दर्ज करते हुए रजिस्टर मेंटेन करने के बाद संबंधितों को वर्ष 2023 के पहले तक ऑफलाईन आधार पर सर्टिफिकेट जारी किया जाता था। वर्ष 2019 में शहर से लगी ग्राम पंचायतों मंगला, उसलापुर, अमेरी, परसदा, बहतराई, खमतराई, कोनी, बिरकोना सहित चौदह गांवों को नगर निगम में शामिल किया गया था। इधर निगम में विलय के आज छह वर्षों बाद भी तत्कालीन सचिवों ने नगर निगम को संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं।


ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट से बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नहीं, पालक हलाकान

बैंकों में भी यही समस्या

शासन स्तर से नहीं है कोई मनाही स्कूल प्रबंधन की मनमानी

आदेश जारी नहीं किया गया है

शिक्षा विभाग का विषय नहीं है

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### दस्तावेजों का कैसे हो मिलान?

लोगों के पास अपने परिजनों के ऑफलाईन आधार पर जारी किए गए सर्टिफिकेट तो हैं, लेकिन वे स्कूल, बैंक एवं विभिन्न संस्थानों में मान्य नहीं किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को सर्टिफिकेट को ऑनलाईन करवाने भटकना पड़ रहा है। नगर निगम पंजीयक द्वारा लोगों से यह बात कही जा रही है कि किसी भी सर्टिफिकेट को ऑनलाईन करने के पहले उनके पास उपलब्ध ऑफलाईन सर्टिफिकेट की सत्यता का ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा प्रस्तुत विधिक भाग से मिलान किया जाएगा। सत्यापन के दौरान अगर प्रस्तुत ऑफलाईन सर्टिफिकेट सही पाया गया तभी ऑनलाईन सर्टिफिकेट जारी किए जा सकेंगे। जबकि तत्कालीन सचिवों ने अब तक किसी भी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत ही नहीं किया है तो वे सत्यापन कैसे करें।

### बगैर ऑनलाइन सर्टिफिकेट के आधार कार्ड में कोई सुधार नहीं

अगर किसी व्यक्ति के आधार कार्ड में कोई त्रुटि सुधार करवाना हो, या नया आधार कार्ड बनवाना हो तो यह ऑफलाईन आधार पर जारी बर्थ सर्टफिकेट से नहीं किया जा सकता। इसके लिए ऑनलाईन बर्थ सर्टिफिकेट ही मान्य है। अब जब लोगों के सर्टिफिकेट ऑनलाईन ही नहीं हो पा रहे हैं, तो उनके आधार कार्ड संबंधी काम कैसे पूरे हो सकेंगे? लोग बड़ी संख्या में इसके लिए भी विभागों के चक्कर लगा रहे हैं।

### दिए गए हैं निर्देश

नगर निगम में शामिल किए गए सभी ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सचिवों ने अपना विधिक भाग नगर निगम में जमा नहीं किया है। ऐसे में दस्तावेजों का मिलान व सत्यापन नहीं हो पाने के कारण लोगों के बर्थ व डेथ सर्टिफिकेट ऑनलाईन नहीं हो पा रहे हैं। इस समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया गया है। कलेक्टर ने नगर निगम में शामिल हुए सभी ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सचिवों को समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

### जैन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद ने ली शपथ



बिलासपुर। द जैन इन्टरनेशनल स्कूल में शनिवार को को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि कर्नल 7 छत्तीसगढ़ नेशनल कैडेट कोर लोकेस देवा थे। मुख्य अतिथि के साथ स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती अनिता अग्रवाल व विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसएस राजपूत का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसएस राजपूत ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय में छात्र परिषद गठन के महत्व व उद्देश्य के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। मुख्य अभ्यागत द्वारा सभी नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैच लगाकर उन्हें शपथ दिलाई गई। इसमें सर्वप्रथम स्कूल हेड ब्वाय के रूप में देवांश श्रीवास्तव, स्कूल हेड गर्ल शानवी जैन, असेम्बली कैप्टन अनन्या गुप्ता, कैंपस कैप्टन नूतन साहू, कैंपस कैप्टन गर्ल-दिव्यमानशो गुप्ता, स्पोर्ट्स कैप्टन अंशिका, कल्चरल कैप्टन अरून्या, गुंजन हाउस कैप्टन हार्दिक जैन व सागरिका, झंकार हाउस कैप्टन अनन्त अग्रवाल व सिद्धि अग्रवाल, कलरव हाउस कैप्टन ख्वाइस देवांगन व याश्री अग्रवाल, निनाद हाउस कैप्टन-पलास व सृष्टि, एनसीसी में कंपनी सार्जेंट मेजर आदश सिंग देव, सार्जेंट मान्या, कार्पोरल लक्की व लांस रर्पोरल वंशिका पमनानी को बैच प्रदान किए। मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से अनुशासन व कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने पर जोर दिया गया। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अनिता अग्रवाल ने छात्रों को नियमों का पालन करने कहा। उप-प्राचार्या श्रीमती जयति बनर्जी ने समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

---

**पंजीयन के लिए शुरू हुई प्रशासन की मशक्कत**

# विशेष केटेगिरी के 557 किसानों की एग्रीस्टेक पंजीयन से दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए सरकार ने एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके विपरीत जिले में विशेष केटेगिरी के 557 किसान अब भी एग्रीस्टेक पंजीयन से दूरी बनाए हुए हैं। इनमें असर्वेक्षित वनग्राम के सर्वाधिक 399 किसान बेलगहना के शामिल हैं। प्रदेश स्तर पर बात की जाए तो विशेष केटेगिरी में शामिल 18 हजार से भी अधिक किसानों ने एग्रीस्टेक पंजीयन से दूरी बना रखी है, जिन्हें जोड़ने शासन-प्रशासन की मेहनत जारी है।

**■ प्रदेश में इस श्रेणी के 18 हजार से भी अधिक किसान**

ऐसे किसान जो असर्वेक्षित वनग्रामों, डुबान क्षेत्र के निवासी हैं। संस्था या ट्रस्ट की भूमि पर काबिज हैं व खेती करते हैं। शासकीय भूमि के वर्तमान धारक हैं व कृषिकार्य कर रहे हैं। शासकीय पट्टेदार हैं। ग्राम नौकर हैं, या फिर रेघा या अधिया में खेती-किसानी का काम करते हैं। इन सभी किसानों को शासन ने विशेष केटेगिरी में शामिल किया है। जिले में इस श्रेणी के किसानों की संख्या 557 है, जिन्होंने अब तक एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन नहीं करवाया है। जिले में वनग्रामों में खेती करने वाले किसानों की कुल संख्या 1404 है, जिनमें 452 अब भी पंजीकृत नहीं है। इसी तरह डुबान एरिया के कुल 315 किसानों में 12, ट्रस्ट वाली जमीन के कुल 13 में से सभी 13, शासकीय भूमि वाले 266 में से 25, शासकीय पट्टेदारी वाले 387 में से 47, ग्राम नौकर वाले 394 में से 7 एवं रेघा-अधिया वाले 5 में से एक किसान ने एग्रीस्टेक में अपना पंजीयन नहीं कराया है, जिनके लिए प्रशासन जुटा हुआ है।

#### बीते वर्ष सिरदर्द साबित हुआ था एग्रीस्टेक पंजीयन

सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीकृत होने की अनिवार्यता तो लागू कर दी थी, लेकिन इस श्रेणी के किसानों का पोर्टल में पंजीयन के लिए कोई ऑप्शन ही तैयार नहीं किया गया था। ऐसे में इस श्रेणी सारे किसान पोर्टल में संशोधन का इंतजार करते रहे व धान खरीदी का समय आकर चला भी गया। इस साल विशेष श्रेणी के इन सभी किसानों को एग्रीस्टेक से जोड़ने शासन जी-जान से जुटा हुआ है, ताकि धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले इन छूटे हुए किसानों का भी पंजीयन हो सके।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

खरीफ 2026 में होने वाली धान खरीदी के पहले कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एग्रीस्टेक पंजीयन की समीक्षा की। पंजीयन से छूटे या एग्रीस्टेक में किसी भी तरह का सुधार चाहने वाले किसानों के लिए पोर्टल में पंजीयन व सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर ने बुधवार को जिले भर के ऑपरेटरों व अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

### पंजीयन करने का हो रहा प्रयास

विशेष केटेगिरी में शामिल जिले के 557 किसान ऐसे हैं, जिनका अब तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है। इन सभी की क्षेत्रवार लिस्टिंग कर ली गई है, वहीं पंजीयन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का प्रयास है।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

---

### बिलासपुर जंक्शन को मेगा टर्मिनल योजना में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर बिलासपुर जंक्शन को वर्ष 2030 तक की कोचिंग टर्मिनल क्षमता विस्तार मेगा टर्मिनल विकास योजना में शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय होने के साथ मध्य भारत का प्रमुख रेल केंद्र है।

योजना में शामिल होने से अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, पिट लाइन, स्टेबलिंग लाइन और कोचिंग यार्ड का विस्तार संभव होगा, जिससे बिलासपुर समेत उत्तर छत्तीसगढ़ के लाखों रेल यात्रियों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर अपोलो अस्पताल में केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को 1990 में विशेष शर्तों के तहत भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। पत्र में उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस सुविधा, आयुष्मान भारत, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना और मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत अस्पताल के पंजीयन व संचालन का मुद्दा उठाया है। योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**■ अपोलो में सरकारी योजनाएं लागू की जाएं**

## खबर संक्षेप

### घुरू में 50 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक मुक्तिधाम

**तखतपुर।** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर कुल 3 करोड़ 35 लाख रुपए के दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इनमें जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से सकरी जोन के घुरू में 50 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत ग्राम मकुर्रा नवापारा से कपसियाकला मोड़ तक 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों की अनुशंसा की गई थी।

### मल्हार पुलिस का ग्राम बूढ़ीखार में जागरूकता अभियान



**मल्हार।** नशा ही नाश है, जो नशा करता है वो अपना जीवन नष्ट करता है। इसी संदेश के साथ मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह अपने पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम बूढ़ीखार के पास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आसपास के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया और नशे से दूर रहने की सलाह दी। चौकी प्रभारी ने माता-पिता से भी अपील की कि वे बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें नशा न करने के लिए प्रेरित करें और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। चौकी प्रभारी ने कहा नशा घर-परिवार को तोड़ता है और पैसा भी बर्बाद करता है। नशे की हालत में बाइक न चलाएं, इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। साथ ही नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार के वाहन चलाने से भी माता पिता ध्यान देने की अपील की। युवा खेल, पढ़ाई और रोजगार की ओर ध्यान दें। नशे के खिलाफ यह अभियान क्षेत्र के अन्य गांवों में भी गांव-गांव चलाया जाएगा।

### 19 लाख की लागत से बनेगा प्रार्थना शेड



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र में स्थित ग्राम हिर्री के हाई स्कूल प्रांगण में डीएम एफ मद से 19लाख 50 हजार कि लागत से निर्माण होने वाली प्रार्थना सेट के लिए शनिवार को भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने विधिवत रूप से पंडित ओमशंकर शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, सरपंच देवगांव नागेश खांडेकर, सरपंच बहतरा राकेश पटेल, सरपंच रिस्दा गौरव सिंह चन्देल, प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, प्रधान पाठक जय प्रकाश सिंह, व्याख्याता सर्व रामस्वरूप साहू,शरद कुमार अंचल, माधव प्रसाद पटेल, विभा डहरिया, इन्द्रजीत बंजारे, रीतू पटैल, शिक्षक रामेश्वर राठौर, शिवकुमार श्रीवास, सुशीला पटेल, सहायक शिक्षक विनय शर्मा, जितेंद्र भानू, तुलाराम साहू, सुशांत अभिषेक तिर्की, शशि कला,सुशीला पारधी, उप सरपंच भागीरथी पटेल, पंच हीरालाल साहू, संत केवट, सचिव जगदीश साहू, सचिव देवप्रसाद ध्रुव ,छत्राम साहू ,सहित ग्रामवासी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने किया।

### जेएनवी दाबो को हरित विद्यालय की मान्यता



**मुंगेली।** स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 के अंतर्गत जिले के ग्राम दाबो स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने विद्यालय में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है। चयनित विद्यालय को योग्यता प्रमाण-पत्र के साथ स्वच्छ एवं हरित गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण के लिए 01 लाख की अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही चयनित विद्यालयों के शाला प्रमुखों को शैक्षणिक अनुभव यात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे वे देशभर के उत्कृष्ट नवाचारों और सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन कर सकेंगे। इस संबंध में पुरस्कार वितरण एवं शैक्षणिक भ्रमण की विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिले के चयनित विद्यालयों को बधाई देते हुए स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता तथा हरित परिसर निर्माण जैसी गतिविधियों को निरंतर प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विद्यालयों द्वारा किए गए नवाचारों और उत्कृष्ट कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है, ताकि अन्य विद्यालय भी इनसे प्रेरणा लेकर ऐसे प्रयासों को अपनाएं।

## निधन



### राजेन्द्र चौधरी

**बिलासपुर।** गीता पैलेस के पास उसलापुर निवासी राजेंद्र चौधरी का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार 12 जुलाई की दोपहर एक बजे देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया जाएगा। वे नरेंद्र चौधरी और गजेंद्र चौधरी के बड़े भाई थे।



### रामप्यारी शर्मा

**बिलासपुर।** गांधी चौक स्थित ठाकुरदेव मंदिर के पीछे निवासी रामप्यारी शर्मा का शनिवार 11 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार की सुबह 10 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व.मेवालाल की पत्नी, संजय, सोनी व गोलू शर्मा की मां थीं।

## गर्ल्स स्कूल में जागरूकता शिविर, शामिल हुए कलेक्टर

# स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी आवश्यक



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्राएं एवं अफसर।

हरिभूमि न्यूज ›› तखतपुर

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ शामिल हुई और छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रजनेश सिंह तथा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने किया। इस अवसर पर छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अपने संबोधन में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किशोरियों को मासिक धर्म के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जागरूकता से ही भ्रांतियां दूर होंगी और छात्राएं आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन एवं करियर के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एस आई उमाशंकर पांडेय आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह, एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियार, थाना प्रभारी अवनीश पासवान, पार्षद पूजा बबलू गुप्ता, परमजीत लवली हुरा, जसप्रीत हूरा, बलीराम सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, देवबुती कुंजाम, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, पारुल यादव,अमोद एक्का, अंकित विश्वकर्मा, महेश्वरी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### साहस से करें समस्या का सामना: सिंह

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वासी, सजग और निर्भीक बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि किसी भी समस्या का सामना साहस और विवेक के साथ करना चाहिए। उन्होंने साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति भी छात्राओं को जागरूक किया तथा कहा कि पुलिस विभाग सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है।

### बेटियां भविष्य की आधारशिला: मक्कड़

नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि स्वस्थ एवं शिक्षित बेटियां ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने मासिक धर्म को लेकर समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि इस विषय पर खुलकर चर्चा होने से किशोरियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बेहतर स्वास्थ्य के साथ आगे बढ़ सकेंगी। इस अवसर पर अतिथियों,संस्थ प्रमुखों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और विशेष भूमिका निभाने वाले छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया गया।



# दुकान में लगी आग, 30 लाख का माल जलकर राख

**तखतपुर।** पुराना बस स्टैण्ड स्थित दुकान में सुबह 4 बजे आग लगने से 30 लाख रूपए का माल जलकर राख हो गया। संचालक को जब जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन जब तक दमकल पहुंचती सामान जलकर खाक हो चुका था। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर संज्ञान में लिया है।

पुलिस के अनुसार पुराना बस स्टैण्ड में संचालित गणेश स्वीट्स के संचालक हितेश देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जुलाई की रात में वह दुकान बंद कर घर चले गए तभी 11 जुलाई को सुबह 4 बजे उसे मोबाईल से सूचना मिली कि होटल में आग लग गई है तत्काल घटना स्थल पर पहुंचें और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल घटना स्थल पर पहुंचीं जहां होटल के अंदर रखा समान जल रहा था। आगजनी की सूचना थाने में दी गई पुलिस ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटैज की जांच करने में जुट गई है। संचालक ने बताया कि इस आगजनी से उनके होटल में रखे हुए फ्रीजर, केस व अन्य खाद्य सामाग्री सहित लगभग 30 लाख रूपए का माल जलकर खाक हो गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। आग की लपटे इतनी तेज थी कि बगल में संचालित दुकान ओम कुलर्स को भी लपेट में लिया था पर दमकल के ठीक टाईम पर पहुंचने से लगी आग पर काबू पा लिया गया।

## कीचड़ में फंसे ट्रैक्टर को निकालने के प्रयास में युवक की मौत

**पथरिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोढ़ी निजामी में शनिवार दोपहर खेत में धान बोवाई के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। खेत में कीचड़ में फंसे ट्रैक्टर को दूसरे ट्रैक्टर की सहायता से निकालने के दौरान अचानक ट्रैक्टर का इंजन पलट गया, जिसकी चपेट में आने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



थाना प्रभारी गिरजाशंकर ने बताया कि ग्राम सोढ़ी निजामी निवासी दीपत सोनवानी (24 वर्ष) अपने खेत में स्वयं के ट्रैक्टर से धान बोवाई का कार्य कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे ट्रैक्टर खेत के कीचड़ में फंस गया। इसके बाद उसे बाहर निकालने के लिए गांव से एक अन्य ट्रैक्टर बुलाया गया। दोनों ट्रैक्टरों की मदद से फंसे वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा था, तभी अचानक फंसे हुए ट्रैक्टर का इंजन पलट गया और चालक दीपत सोनवानी उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पथरिया पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### सड़क के बीचों बीच मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** एसईसीएल हनुमान मंदिर मेन रोड पर बोलेरो चालक से मारपीट करने और रास्ता रोक कर मारपीट की घटना सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को निहारिका मेन रोड स्थित हेलीपैड हनुमान मंदिर के पास बोलेरो चालक सोहेल अली ने सामने चल रही गाड़ी को हॉर्न दिया। सिर्फ इतनी सी बात पर सामने चल रहे नेक्सॉन कार क्रमांक सीजी 12 बीयू 7704 के चालक सुभाष ब्लॉक निवासी सुजल सोनवानी 21 वर्ष गुस्से में आकर अपनी कार बीच सड़क पर अड़ा दी।

# बूथ से शक्ति केंद्र तक संगठन होगा और मजबूत

## भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला मिशन 2028 का मंत्र



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सीपत की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के जिला मंत्री निखिल केसरवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में बीते संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

जिला मंत्री निखिल केसरवानी ने कहा कि प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल एवं मोर्चा का गठन समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को प्रभावी बनाने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति तथा मंडल की मासिक बैठकों को नियमित रूप से आयोजित कर उसकी जानकारी जिला संगठन को उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि संगठन ने हमें जो जिम्मेदारी दी है, उसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता को सम्मान और अवसर देना है। मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि सीपत मंडल संगठन की प्रत्येक गतिविधि को पूरी सक्रियता के साथ आगे बढ़ा रहा है। बैठक में ढोलाराम केवट, नूरी कौशिल, किरण पाटले, नागेश्वर सिंह ठाकुर, बसंत साहू, वैभव तंबोली, नारायण साहू, रामफल धीवर, जितेंद्र लास्कर, देव कुमार साहू, संतोष लास्की, मिथिलेश श्रीवास, युवराज नेटी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठनात्मक विषयों के साथ हुआ तथा अंत में मंडल महामंत्री सतीश पाटनवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पेंड्रा बाईपास निर्माण की मांग तेज भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी




**पेंड्रा।** वर्षों से लंबित 13 किलोमीटर लंबे स्वीकृत पेंड्रा बाईपास के निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रेस क्लब के बैनर तले चल रहा क्रमिक भूख हड़ताल आंदोलन शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दूसरे दिन नगर के दुर्गा चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नगर के सबसे वयोवृद्ध नागरिक 90 वर्षीय कृष्णाकर मिश्रा ने सूत अर्पित कर आंदोलन का शुभारंभ किया।

दूसरे दिन क्रमिक भूख हड़ताल में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुद्रिका सर्राटी, सांसद प्रतिनिधि बाला कश्यप, शंकर पटेल, गौरेला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद निलेश साहू, नीरज साहू तथा स्वयं 90 वर्षीय कृष्णाकर मिश्रा सहित अन्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि पेंड्रा बाईपास केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र की जीवनरेखा है। आंदोलन के दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम हस्तलिखित पोस्टकार्ड अभियान भी जारी रहा। इस अभियान के तहत 75 पोस्टकार्ड लिखे गए। आंदोलन स्थल पर दूसरे दिन गुलाब राज, मुद्रिका सर्राटी, बाला कश्यप, निलेश साहू, नीरज साहू, कृष्णाकर मिश्रा, रमेश साहू, विकास जायसवाल, मनीष केशरी, देवनारायण केशरी, कुमार मंगलम, रामनिवास तिवारी, सादिक खान, वीरेंद्र मिश्रा, रवि केशरवानी, अमोघ अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश जालान, नितिन छाबरिया, मनीष पांडेय, संतोष तिवारी 'कक्का', युवराज वैश्य, अनिल सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# शराब दुकान से लौट रहे युवक से मारपीट

**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के भिलमी स्थित शराब दुकान से लौट रहे युवक पर बदमाशो ने धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकूनुमा धारदार हथियार को जब्त किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख जानू 25 वर्ष, पिता स्व. शेख रमजान खान, निवासी ग्राम मचखंडा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भिलमी निवासी रामकुमार बिजौरे ने थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जुलाई 2026 की शाम करीब 7:30 बजे वह भिलमी स्थित शराब दुकान से शराब लेकर वापस लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में आरोपी शेख जानू ने उसे रोक लिया और गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा।आरोपी ने हाथ में रखे चाकूनुमा धारदार हथियार को लहराते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट की तथा चाकू उसके गले पर अड़ा दिया। इस दौरान पीड़ित के गले एवं हथेली गदेली पर खरोंच और चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर थाना सीपत में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

# ठाकुरकापा में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दहशत में ग्रामीण

**सेतगंगा/मुंगेली।** जिले के फास्टरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ठाकुरकापा में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज चार महीने के भीतर एक ही परिवार के घर में दूसरी बार चोरी की वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पहली घटना में करीब 2.25 लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी हो गई थी, जबकि दूसरी घटना में आधी रात घर में घुसे बदमाश ने सो रही बुजुर्ग महिला के कान से सोने का आभूषण नोच लिए, जिससे उनका कान फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पीड़ित परिवार के सदस्य शिव भास्कर ने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, चोरी किए गए सामान की बरामदगी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहली चोरी के बाद भी फास्टरपुर पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी, जिसका नतीजा यह हुआ कि बदमाशों ने उसी घर को दोबारा निशाना बना लिया। लगातार दो बड़ी घटनाओं के बाद ठाकुरकापा सहित आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि पहली चोरी के बाद यदि फास्टरपुर पुलिस प्रभावी कार्रवाई करती और आरोपियों तक पहुंच जाती तो दूसरी घटना को रोका जा सकता था। पीड़ित परिवार का कहना है कि अब चोर केवल संपत्ति ही नहीं, बल्कि लोगों की जान के लिए भी खतरा बन चुके हैं। यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो भविष्य में हत्या या गंभीर हमले जैसी घटनाएं भी हो सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा के के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया है।



एसपी कार्यालय पहुंचे प्रार्थी।

**पहली घटना** - शिकायत के मुताबिक 12 मार्च 2026 की रात परिवार भोजन करने के बाद सो गया था। अगली सुबह जब घर के कोठार की ओर गए तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। घर के भीतर रखी लकड़ी की पेटी गायब थी, जिसमें नगदी, जमीन संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक, आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण कागजात रखे थे। अज्ञात चोर रात करीब 1 से 3 बजे के बीच घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और एक लाख रुपये नगद चोरी कर ले गए। चोरी किए गए सामान में सोने का लॉकेट वाला हार, फुल्ली, चांदी की पायल, क्लिप, बिछिया, सकरी सहित लगभग 1.25 लाख रुपये के जेवर और 1 लाख रुपये नगद शामिल थे। कुल मिलाकर करीब 2.25 लाख रुपये की चोरी हुई थी।

**दूसरी घटना**- पहली घटना के चार महीने बाद 9 जुलाई की आधी रात चोरों ने फिर उसी घर को निशाना बनाया। शिकायत के अनुसार उस समय घर में हरिप्रसाद और उनकी पत्नी जानकी बाई सो रहे थे। इसी दौरान बदमाश घर के पीछे से छत के रास्ते अंदर घुसा और सो रही जानकी बाई के कान से सोने का आभूषण खींचकर भागने लगा। आभूषण खींचते ही दर्द से उनकी नींद खुल गई और उन्होंने जोर-जोर से आवाज लगाई। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। घटना में महिला का कान फट गया और काफी खून बहा। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर उनकी नींद नहीं खुलती तो कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

## गुमशुदा



नाम पूर्णिमा महोबिया
(PURNIMA MAHOBIA)

उम्र, 65 वर्ष, पता: इमलीपारा, सरजू बगीचा, बिलासपुर (छ.ग.) घर से निकली हैं और अब तक वापस नहीं लौटी है। परिवार के सभी सदस्य बहुत चिंतित हैं और उनकी तलाश कर रहे हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में कोई जानकारी मिले या कहीं दिखाई दें।

**इस नंबर पर संपर्क करें-9981190719**

आपकी एक छोटी-सी मदद किसी परिवार को उनकी अपनों से मिलने में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ ना.तह. /वा. / 2026
बिलासपुर दिनांक 08/07/2026

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.न. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 99/5 रकबा 0.0200 हे. 3000 वर्गफुट एकड़ भूमि की नामांतरण/ फौतीनामांतरण/ वसीयत/दान के लिए श्री शाहीद अहमद वगैरह आ.स्व. मोहम्मद शरीफ निवासी ओमनगर जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 22/07/26 को सुबह 11.00 स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 08/07/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ...../ /2025-26
ग्राम-उसलापुर, तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक होरीलाल माथुर पिता स्व. झुमुकलाल माथुर जाति सतनामी साकिन पचबहरा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम उसलापुर, प.ह.नं. 60 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित वाद भूमि खसरा नंबर 329/1 तथा 329/4 रकबा क्रमशः 0.0650 हे., 0.0520 हे. जो कि आवेदक की पैतृक संयुक्त स्वामित्व की संपत्ति है तथा वारिसतन हक से आवेदक के नाम पर दर्ज हुई है। आवेदक द्वारा वाद भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम पर छेदीलाल पिता झुमुकलालं को विलोपित करते हुए वास्तविक एवं सही नाम होरीलाल माथुर पिता झुमुकलाल का नाम दर्ज किये जाने छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/7/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 6/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय कुमार पाटले पिता लक्ष्मण पाटले व निवासी सतनामी पारा पिपरहट्टा पोस्ट बेलसरी तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330 का स्थाई निवासी हूँ। जो कि मैं अपने पुत्री का पूर्व नाम असवंत पाटले (ASVANT PATLEY) को परिवर्तित कर नया नाम यशवंत कुमार पाटले (YASHWANT KUMAR PATLE) रख लिया हूँ।


अत: अब से भविष्य मे मेरे पुत्र को सभी शासकीय, अर्ध शासकीय, सभी दस्तावेजों व निजी कार्यों में नया नाम यशवंत कुमार पाटले (YASHWANT KUMAR PATLE) से जाना और पहचान जाए।

दिनांक: 11/07/2026

सियाराम यादव
पिता- संजय कुमार पाटले
निवासी- पिपरहट्टा पोस्ट बेलसरी
तह. तखतपुर जिला बिलासपुर
छत्तीसगढ़ 495330

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध


सनातन वैदिक हिन्दू धर्म के सर्वोच्च एवं
सार्वभौम धार्मिक-आध्यात्मिक धर्मगुरू ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय
श्रीगोवर्धनमठ-पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य अनंतश्री विभूषित
स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज
के 84वां प्राकट्य
महोत्सव एवं राष्ट्रोत्कर्ष दिवस पर
दण्डवत् प्रणाम...
डी.के. त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, चन्द्रचुड़ त्रिपाठी, श्रीधर त्रिपाठी
#MGR Advertiser

## खबर संक्षेप

### मानसून पर लगा ब्रेक उमस ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** मानसून की सक्रियता फिलहाल कम हो गई है, इसके चलते उमस बढ़ गई है। कम दबाव वाले क्षेत्र के कमजोर पड़ने से बारिश में कमी आई है, लेकिन 2 दिन के भीतर ही गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। न्यायधानी में शनिवार की सुबह से बादलों की आवाजाही बनी रही, लेकिन वर्षा दर्ज नहीं की गई। अधिकतम तापमान 31डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 78 और शाम को 56 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। प्रदेश में अगले 24 घंटे में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात हो सकता है। दो दिन बाद फिर मानसून के सक्रिय होने के संकेत हैं।

**कलेक्टर के निर्देश पर तैयार की जा रही रिपोर्ट** — राजस्व अमले की तहसीलवार बनाई गई अलग-अलग टीम

# जिले की सरकारी जमीन का खंगाला जा रहा रिकार्ड, भू-माफिया की उड़ी नींद

**बिलासपुर।** सरकारी जमीन पर कब्जा कर बेचे जाने की शिकायतों को देखते हुए जिला प्रशासन दिनों हरकत में आ गया है, कलेक्टर के आदेश पर जिले की सरकारी जमीनों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है, इसके लिए पटवारी व आरआई से लेकर एसएलआर राजस्व अमले की तहसीलवार अलग-अलग टीम भी बनाई गई है। यह टीम जिले में कहां-कहां कितनी सरकारी जमीन बची है और सरकारी जमीनों पर बेजा कब्जा सहित पट्टा आबंटन संबंधी पूरी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

प्रशासन के इस कवायद से सरकारी, पट्टा जमीनों की खेल करने वाले भू-माफिया की नींद उड़ने लगी है। प्रशासन की ओर से टीम बनाने के बाद जिले में सरकारी जमीनों के रिकार्ड खंगालने का काम चालू हो गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा सरकारी जमीनों के जांच के संबंध में निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद राजस्व विभाग व भू-अभिलेख का अमला इस काम में लग गया है। प्रत्येक तहसील से पांच-पांच पटवारियों की टीम बनाई गई है और उसके ऊपर राजस्व निरीक्षकों एवं भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षकों को भी इस कार्य में लगाया गया है। सरकारी जमीनों से संबंधित सारे रिकार्ड से मिलाने करने और वर्तमान स्टेटस के साथ जल्दी से जल्दी पूरी रिपोर्ट तैयार करने कहा गया है। फिलहाल तो शासकीय जमीनों से संबंधित पुराने रिकार्ड से लेकर वर्तमान रिकार्ड के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद सरकारी जमीनों का मौका निरीक्षण भी किया जाएगा।

जिला प्रशासन के इस निर्देश के बाद सरकारी एवं पट्टे वाली जमीनों का खेल करने वाले भू-माफिया की नींद उड़ने लगी है। क्योंकि इस जांच के बाद जो विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन के पास आएगी, उसके आधार पर शासकीय जमीन का फर्जी रिकार्ड, अवैध प्लाटिंग, नियम विपरीत जमीन हस्तांतरण, अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग जैसी स्थितियां स्पष्ट हो जाएगी और इसके बाद प्रशासन चाहे तो कार्रवाई भी कर सकती है।

### बड़े पैमाने पर हो रहा खेल

बिलासपुर जिले में शासकीय जमीन की बंदरबाट से लेकर अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग सहित सरकारी जमीन, चराई भूमि, सार्वजनिक उपयोग भूमि एवं पट्टा वाली भूमि के संबंध में समय-समय पर शिकायत होते रही है और अभी भी प्रशासन के पास इस तरह की शिकायतें आती ही रहती है। यहां तक कृषकों को खेती, जीवकोपार्जन के उद्देश्य से आबंटित पट्टा भूमि का भी नियम विपरीत हस्तांतरण एवं बिक्री मामलों की शिकायत भी सामने आती है। कई जगहों पर निजी भूमि से लगे शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा हो गया है तो कहीं-कहीं अवैध प्लाटिंग का भी मामला सुनने में आया है। तखतपुर क्षेत्र के गिनयारी तहसील अंतर्गत आने वाले कई गांवों में सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे निजी नाम पर चढ़वाने और उसे बेचने का खेल चल रहा है। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### मिसल, निस्तार पत्रक व अधिकार अभिलेख की जांच

राजस्व अमले द्वारा मिशल, निस्तार पत्रक एवं अधिकार अभिलेख सहित वर्तमान रिकार्ड की जांच कर सरकारी जमीन की जानकारी निकाली जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को आबंटित शासकीय जमीन तथा पट्टे में दी गई जमीन के बारे में देखा जा रहा है किस आदेश व प्रक्रिया के तहत जमीन दी गई है। जमीन आबंटन में किसी तरह की गड़बड़ी तो नहीं है। इसके साथ ही शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा की भी जानकारी तैयार की जा रही है। क्योंकि बिन्दुवार रिकार्ड खंगालकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### कराई जा रही है जांच

जिले में शासकीय जमीनों की जांच कराई जा रही है, जिससे उसका स्टेट्स पता चलेगा एवं अन्य चीजें भी निकलकर सामने आएगी। इसका एक फायदा यह भी होगा कि लोगों को जमीनों के बारे पता चलेगा, जिससे वे इस तरह की शासकीय, निजी विवादित जमीनों को लेने से बचेंगे।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

**खाली मालगाड़ी जा रही थी कटनी से जांजगीर-चांपा की ओर**

# जोनल स्टेशन की मेन लाइन पर उतरा मालगाड़ी का पहिया, ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन के हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन पर एक खाली मालगाड़ी का पहिया बेपटरी हो गया, जिसके कारण कुछ यात्री गाड़ी और मालगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई। यह मालगाड़ी कटनी से जांजगीर-चांपा की ओर लोडिंग के लिए जा रही थी। बेपटरी मालगाड़ी की सूचना पर अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लाइन में सुधार कार्य करना शुरु कर दिया है।

शनिवार की शाम एक खाली मालगाड़ी बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर शाम 6 बजकर 25 मिनट पर पहुंची थी। 20 मिनट स्टापेज के बाद 6 बजकर 45 मिनट पर जांजगीर-चांपा की ओर रवाना हो गई। चुचुहियापारा रेलवे अंडरब्रिज के पास यार्ड में पहुंचते ही मालगाड़ी के इंजन से 22वें नम्बर का वैगर और ब्रेक वैन से पहले लगने वाले वैगन का एक पहिया सेट ट्राली मीडिल लाइन के पाइंट नम्बर 164 पर पटरी से उतर गया। एक वैगन के बेपटरी होने के कारण चालक को ट्रेन चलाने में परेशानी होने लगी, जिसकी वजह से चालक ने तत्काल ट्रेन को रोकने के बाद सूचना कंट्रोल को दी। मालगाड़ी बेपटरी होने की सूचना मिलने के बाद रेलवे स्टेशन पर हूटर बजाने के अलावा जोन और डिवीजन के अधिकारियों को जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही अधिकारी और कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू कराया। बेपटरी होने की वजह से वैगन का पहिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिसके कारण उसे पटरी पर लाने काफी परेशानी उठानी पड़ी। अफसरों ने वैगन के अन्य हिस्से को काटकर आगे रवाना कर दिया। पटरी पर खड़े मालगाड़ी के अन्य वैगन को वापस प्लेटफार्म नम्बर तीन पर लाया गया। इसके साथ ही शाम 7 बजकर 25 मिनट पर बिलासपुर से एआरटी दुर्घटना राहत ट्रेन को रवाना किया गया। फिलहाल मौके पर वैगन को पटरी पर लाने का काम किया जा रहा है। इसकी वजह से मुख्य लाइन पर किसी तरह की यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ है।






चुचुहियापारा रेलवे अंडरब्रिज पर मालगाड़ी का वैगन पटरी से उतरा, लाइन में सुधार करते रेलवे कर्मचारी।

### दुर्घटना की जांच, रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई

रेल अफसरों के अनुसार मौके पर मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारण की जानकारी नहीं हो पा रही है। इसमें पटरी में कुछ मिस्टेक हो सकता है या फिर वैगन में कुछ तकनीकी खराबी हो सकती है, क्योंकि जिस समय मालगाड़ी बेपटरी हुई उसकी स्पीड काफी धीमी थी। इस मामले की जांच के बिलासपुर रेल मंडल स्तर पर जांच कमेटी का गठन किया जाएगा, जिनकी रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# तीन भाइयों के साथ मारपीट कर लूट गुण्डा बदमाश सहित दो गिरफ्तार

**पीड़ित ने घटना के समय शहर में उपस्थित होने का सीसीटीवी फुटेज किया पेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रास्ता पूछने पर तीन भाइयों के साथ मारपीट कर कड़े से हमला कर नकद रकम व मोबाइल लूटने वाले गुण्डा बदमाश सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पचपेड़ी थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया, तोरवा पेण्डरवाल हास्पिटल के पास रहने वाले पीयूष गंगावानी पिता स्व. रामचंद गंगावानी ने रिपोर्ट लिखाई। उसके भाई संदीप गंगावानी के साला राजू बघेल की पचपेड़ी में एक्सीडेंट होने की सूचना मिली। इस पर 9 जुलाई को शाम 4 बजे वह अपने भाई संदीप, संस्कार के साथ स्कूटी व बाइक में पचपेड़ी जा रहे थे। रात 8 बजे ग्राम बिनौरी में एक किराना दुकानवाले से पचपेड़ी का पता पूछ रहे थे। इसी दौरान लिकू मधुकर एवं उसके साथियों ने हाथ मुक्का बेल्ड व चूडा से तीनों भाइयों से मारपीट कर 2150 रुपए नकद, दो मोबाइल लूटकर भाग गए थे। पुलिस ने पीयूष गंगावानी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 3, 5 के तह तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी में जुट गई थी। 11 जुलाई को पुलिस ने फरार आरोपी गुण्डा बदमाश लिकू मधुकर बिनौरी, समीत टण्डन को गिरफ्तार कर लिया है।

### रंजिश में लिखाया शहर के व्यक्ति का नाम

पीड़ित पीयूष गंगावानी का नरेन्द्र मोटवानी से जमीन को लेकर 10 - 15 साल से विवाद चल रहा है। पूर्व में दोनों के बीच विवाद होने पर शहर में तीन से चार बार एफआईआर दर्ज किया गया था। मजेदारबात यह है कि पचेपड़ी में मारपीट व लूट होने पर गंगावानी ने रंजिश में नरेन्द्र मोटवानी को नाम लिखा दिया है। पुलिस ने श्री मोटवानी को पकड़ी तो उन्होने घटना के समय व आसपास के शहर होने के मुंगेलीनाका संजय तरण पुस्कर, सत्यम चौक न्यू भारत स्वीट्स, गोलबाजार में होने की सीसीटीवी फुटेज पेश कर दिया है। पुलिस ने श्री मोटवानी को छोड़ दिया है।

### कार्रवाई की जाएगी

पीड़ित ने रंजिश में नरेन्द्र मोटवानी का नाम एफआईआर में लिखवाया है। श्री मोटवानी ने घटना के समय बिलासपुर में उपस्थित होने की सीसीटीवी फुटेज पेश किया है। झूठा रिपोर्ट लिखाने पर धारा 182, 211 के तहत पीड़ित के खिलाफ कार्रवाई कर इस्तगाशा पेश किया जाएगा।

**-कमला पुसाम**
पचपेड़ी थाना टीआई

*__बिलासपुर।__ कोनी पुलिस को सूचना मिली तुर्काडीह चौक में एक बदमाश तलवार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घुटकू लोनियापारा निवासी दयाशंकर लोनिया पिता शोभाराम लोनिया 32 साल को पकड़कर तलवार जब्त कर लिया है। पुलिस आर्म्स एकट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।




# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची अपोलो किया कैंसर यूनिट का निरीक्षण

**बिलासपुर।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज अपोलो में किया जा रहा है पिछले 3 महीने से स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास के बाद 30 मरीजों का यहां इलाज चल रहा है, शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम यहां निरीक्षण के लिए पहुंची।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान योजना के तहत कैंसर के इलाज की सुविधा अपोलो अस्पताल में शुरू की गई है। इसमें होने वाला पूरा खर्च आयुष्मान योजना के तहत किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें डॉक्टर रक्षित जोगी, डॉक्टर बी के वैष्णव और डॉक्टर सौरभ शर्मा द्वारा अपोलो अस्पताल के कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया गया। इसमें मरीज के इलाज के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी ली। बताया जा रहा है कि आयुष्मान से इलाज शुरू होने के बाद से ही टीम निरीक्षण नहीं कर पाई थी, इस दौरान अपोलो प्रबंधन ने टीम को बताया कि वर्तमान में 30 मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया जा रहा है, जिसका परिणाम भी सार्थक दिखाई देने लगा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंसर यूनिट का बारीकी से निरीक्षण किया है। अपोलो अस्पताल मरीजों के लिए वरदान साबित हो चुका है, गंभीर बीमारी का इलाज अस्पताल में संभव है और कई लोगों को बीमारी से निजात भी मिल चुकी है। आयुष्मान योजना के तहत स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और सवाईकल कैंसर का इलाज अपोलो में संभव है। इलाज के लिए सर्जरी और किमियो थैरेपी व रेडियो थैरेपी के द्वारा भी इलाज किया जा रहा है।

# काम की तलाश में गुजरात गई शहर की महिला से अनाचार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** काम की तलाश में गुजरात गई महिला के साथ अनाचार के मामले में पुलिस ने बिजनेसमैन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के एक महिला की शादी गुजरात में हुई थी। पति पत्नी के बीच संबंध खराब होने पर महिला ने अपने पति को तलाक देकर मायके आ गई। उसके बाद वर्ष 2023 में महिला काम की तलाश में गुजरात गई। वहां उसका बिजनेसमैन विपुल पटेल से संपर्क हुआ। विपुल पटेल काम दिलाने के बहाने अपने साथ घुमाता फिराता रहा और शादी करने का झांसा देकर अपने साथ रखकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने बच्चे को जन्म दी तो उसने महिला व बच्चे को भगा दिया है। पीड़ित ने अपने मायके शहर लौटकर घटना की रिपोर्ट महिला थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने शून्य में विपुल पटेल के खिलाफ बीएनएस धारा 69 के तहत जुर्म दर्ज कर केस डायरी गुजरात भेज दिया है।







